सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 04 फाल्गुन, 1945 (श०) / 23 फरवरी, 2024 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या 184**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | 49 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | 95 |
| (3) | पर्यटन विभाग | 17 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | 12 |
| (5) | योजन एवं विकास विभाग | 08 |
| (6) | विधि विभाग | 02 |
| (7) | संसदीय कार्य विभाग | 01 |
| | कुल योग -- | 184 |

मीटर रीडर कर्मचारियों का समायोजन

*743. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा एजेंसी के माध्यम से राजस्व की स्थिति में सुधार लाने के लिये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में एम0 आर0 सी0 अर्थात मीटर रीडरों की बहाली की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में प्रीपेड या स्मार्ट मीटर लगवाने के कारण बिहार राज्य के सभी मीटर रीडर कर्मचारी बेरोजगार होने के कगार पर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के सभी मीटर रीडर कर्मचारियों को पुन: स्थाई तौर पर ऊर्जा विभाग में ही किसी कार्य पर समायोजन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के वर्तमान मीटर को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बदलने का निर्णय लिया गया है । जिसे वर्ष 2025 तक पूरा किया जाना है ।

वस्तुस्थिति यह है राज्य के वितरण कम्पनी द्वारा बिलिंग एजेंसी का चयन निविदा के माध्यम से एवं रूरल रेवेन्यू फ्रेंचाईजी का चयन फ्रेंचाईजी स्कीम के तहत सीमित अवधि के लिए किया जाता है । निविदा में निहित शर्तों के तहत एजेंसी को एवं फ्रेंचाईजी स्कीम के तहत आर0आर0एफ0 को पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है । बिलिंग एजेंसी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एम0आर0सी0 के माध्यम से बिलिंग एवं कलेक्शन कार्यो को क्रियान्वयन करता है । एम0आर0सी0 के पारिश्रमिक का भुगतान एजेंसी द्वारा किया जाता है । इलेक्ट्रिक सप्लाई कोड की कंडिका 8.6(C) में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का प्रावधान है ।

स्मार्ट मीटर अधिष्ठापित क्षेत्रों में बिलिंग एजेंसी एवं आर0आर0एफ0 द्वारा उपभोक्ता का मीटर रिचार्ज करने पर अनुमोदित दर से कमीशन का भुगतान किया जाता है ।

--------

ट्रान्सफॉर्मर स्थापित करना

*744. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत के डकरा यादव टोला वार्ड संख्या 4 में 200 घर है और ट्रान्सफॉर्मर वार्ड संख्या 6 में रहने के कारण लो-वोल्टेज के चलते विगत 8 महीने से नल-जल योजना का पानी उक्त वार्ड को नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वार्ड संख्या 4 में एक ट्रान्सफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत लखनपुर पंचायत के डकरा यादव टोला वार्ड संख्या 4 में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 220 है । वार्ड संख्या 6 में अधिष्ठापित 63 KVA के ट्रान्सफॉर्मर से वार्ड संख्या 4 में विद्युत् की आपूर्ति की जा रही है, जिसकी दूरी लगभग 1 किलो मीटर है । कनीय विद्युत् अभियंता, अमदाबाद द्वारा कुछ उपभोक्ताओं के परिसर में वोल्टेज की जाँच की गई, जिसमें औसतन 218 Volt पाया गया है ।

वार्ड संख्या 6 में पूर्व से अधिष्ठापित 63 KVA ट्रान्सफॉर्मर की क्षमता विस्तार 100 KVA के ट्रान्सफॉर्मर से कर लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कर दिया गया है । वर्तमान में वार्ड संख्या 4 एवं वार्ड संख्या 6 में विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है ।

--------

तालाब का जीर्णोद्धार

*745. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत राज बनकटा के ग्राम-ढेबवा में 52 बिगहा में सरकारी तालाब स्थित है तथा उक्त तालाब के समीप छठ घाट स्थित है किन्तु जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त छठ घाट का सौंदर्यीकरण के साथ-साथ तालाब का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । जिला पदाधिकारी, गोपालगंज से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत, राज बनकटा के ग्राम-पटी चक्र गोपी में 52 बिघा में अवस्थित तालाब में छठ घाट का निर्माण वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचायत स्तर से कराया गया है । मनरेगा योजना अन्तर्गत पंचायत बनकटा में पोखरा का जीर्णोद्धार एवं तल सफाई का कार्य लिया गया है । वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रारंभ में ही मनरेगा से क्रियान्वित कर पोखरा का जीर्णोद्धार एवं तल की सफाई का कार्य किया जायेगा ।

एक एकड़ से अधिक के पोखरों का जीर्णोद्धार का कार्य लघु जल संसाधन विभाग द्वारा किया जाता है ।

--------

मुआवजा की राशि

*746. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के ग्राम + पोस्ट-सरनां, थाना + अंचल-शाहपुर, जिला-भोजपुर के रितेश कुमार गुप्ता, पिता-विनोद कुमार गुप्ता की दिनांक 4 अप्रील, 2021 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, लेकिन अभीतक उनके आश्रित परिवार को कोई सरकारी सहायता राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित परिवार को सरकारी मुआवजा की राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण

*747. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत कासील में लगभग ढाई वर्ष पूर्व हेल्थ वेलनेस सेन्टर के भवन निर्माण की स्वीकृति हुई थी, जिसके टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे ग्रामवासियों में काफी रोष है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कासील में बिहार सरकार की कई जगहों पर पर्याप्त जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कासील में स्वीकृत उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*748. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, सिरनियाँ का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, सिरनियाँ का भवन निर्माण करने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल एवं ट्रान्सफॉर्मर उपलब्ध कराना

*749. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अन्तर्गत जयपुर चूहर पश्चिम पंचायत के वार्ड नम्बर 1 एवं 2 में बिजली का पोल एवं ट्रान्सफॉर्मर नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली नहीं रहने से ग्रामीण कृषकों को कृषि कार्य में पटवन हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा पटवन नहीं होने से फसल बर्बाद भी हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में बिजली का पोल एवं ट्रान्सफॉर्मर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शव वाहनों में वृद्धि

*750. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के अस्पतालों में 'शव-वाहन' की व्यवस्था न रहने से उनके परिजनों को शव ले जाने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य के अस्पतालों में मात्र 40 सरकारी शव-वाहन ही उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडल अस्पतालों की संख्या को देखते हुए शव वाहनों में वृद्धि कर अनुमंडलीय अस्पतालों को भी शव-वाहन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*751. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्णियाँ अन्तर्गत प्रखण्ड अमौर के ग्राम-बिजलिया में 22 एवं ग्राम-हजरिया में 30 परिवारों का घर वर्ष 2023 में परमान नदी में कटकर विलिन हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों के आपदा पीड़ितों को आपदा नियमावली के अनुसार अबतक अनुग्रह अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं करायी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त गाँव के आपदा पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल का दर्जा देना

*752. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखंड अंतर्गत रानी सकरपुरा पंचायत के छोटी रानी सकरपुरा में शिव महोत्सव मेला लगता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मेला में लाखों पर्यटक दर्शन करने आते हैं तथा यह मेला पर्यटक स्थल घोषित करने की सभी अर्हता पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया प्रखंड अन्तर्गत रानी सकरपुरा पंचायत के छोटी रानी सकरपुरा में शिव महोत्सव मेला को पर्यटन स्थल का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थायी निदान की व्यवस्था करना

*753. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला हर साल बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित होता है और यहाँ राहत कार्य चलाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ अथवा अतिवृष्टि होने के बाद क्षति का आकलन करने के लिये टीम का गठन किया जाता है जिससे राहत कार्य प्रारंभ करने में विलम्ब होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के मधुबनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बाढ़ व अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का आकलन कर स्थायी निदान की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

हाई मास्ट लाइट लगाना

*754. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर प्रकाश हेतु लगाये जाने वाले हाई मास्ट लाइट उक्त इलाके के सौंदर्यीकरण में काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका में सम्मिलित योजनाओं की सूची में सार्वजनिक स्थानों पर प्रकाश हेतु हाई मास्ट लाइट लगाने का प्रावधान नहीं रहने के कारण विधायक जनमानस की माँग पर भी इसे नहीं लगा पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका को संशोधित कर सार्वजनिक स्थानों एवं चौक-चौराहों पर प्रकाश हेतु हाई मास्ट लाइट लगाने की योजना को सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापन की योजना मार्गदर्शिका में सम्मिलित नहीं है । उल्लेखनीय है कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत माननीय सांसद से उनकी अनुमान्यता राशि के अधीन प्राप्त अनुशंसा के आलोक में हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापन का कार्य किया जाता है ।

(3) उपर्युक्त खंडों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है ।

--------

अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण

*755. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के खरौनाडिह में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन बनाना प्रस्तावित था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टाइपेंड भुगतान करना

*756. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (अंडर ग्रेजुएट मेडिकल, ऐजुकेशन बोर्ड), नई दिल्ली के संकल्प संख्या U-15024/01/2022-UGMFB, दिनांक 4 मार्च, 2022 के आलोक में एक्सटर्न डॉक्टरों को एक साल (1 सितम्बर, 2022 से 30 अगस्त, 2023 तक) का स्टाइपेंड का भुगतान किया जाना है, जिसके संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या 01/विविध-64/2021-472(1) स्वा0, पटना, दिनांक 5 जुलाई, 2023 निर्गत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के NMCH, पटना सहित कई मेडिकल कॉलेजों के स्टाइपेंड एक्सटर्न डॉक्टरों के एक साल के स्टाइपेंड का भुगतान किया जा रहा है, परंतु PMCH, पटना के एक्सटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड का भुगतान नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार PMCH, पटना के एक्सटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*757. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास, विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन में श्री अजहरूल हक 5127/भोजपुर, सहायक अभियंता को अपने वेतनमान में प्रभारी, कार्यपालक अभियंता बना दिया गया है, जिनका कार्यकाल काफी विवादास्पद रहा है तथा प्रभारी, कार्यपालक अभियंता का मूल विभाग जल संसाधन विभाग है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पदाधिकारी का स्थानान्तरण कर पूर्णकालिक अभियंता का पदस्थापन स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन उक्त जिला में करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक । जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 2597, दिनांक 23 जून, 2022 द्वारा श्री अजहरूल हक 5127/भोजपुर, सहायक अभियंता को कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार प्रदान करते हुए उनकी सेवा योजना एवं विकास विभाग को उपलब्ध कराया गया ।

उक्त के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या 2835, दिनांक 30 जून, 2022 द्वारा श्री अजहरूल हक, सहायक अभियंता को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, अररिया में कार्यपालक अभियंता के उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार दिया गया है ।

श्री अजहरूल हक कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध निविदा के डी0पी0आर0 में व्यापक पैमाने पर अनियमितता तथा बहुत सारे योजनाओं का डी0पी0आर0 गलत मंशा से तैयार कर निविदा करने से संबंधित माननीय सदस्य का ही परिवाद पत्र विभाग में प्राप्त है । जिसके आलोक में विभाग स्तर से नियमानुसार कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ।

(2) योजना एवं विकास विभाग के अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता का पद सहायक अभियंता से प्रोन्नति का पद है । सहायक अभियंता की नियुक्ति 2022 में हुई है । फलत: योजना एवं विकास विभाग में कार्यपालक अभियंताओं की सेवा अन्य कार्य विभागों से प्राप्त की जाती है । तत्पश्चात् इस विभाग से पदस्थापन की कार्रवाई की जाती है ।

बिजली के तार को बदलवाना

*758. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सुरसंड प्रखंड के कुम्मा पंचायत के वार्ड संख्या-08 एवं वार्ड संख्या-02 में बिजली का तार काफी जर्जर हो चुका है तथा बिजली का तार हमेशा कहीं-न-कहीं टूटता रहता है जिससे बड़े अनहोनी का खतरा बना रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वार्डों के बिजली के तार को बदलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन

*759. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड अतरी के ग्राम-सहोड़ा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र है, जो किराये के भवन में संचालित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केंद्र का अपना सरकारी भवन नहीं रहने के कारण सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों को मरीज के इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सरकारी भूमि भवन निर्माण के लिए उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन सरकारी उपलब्ध भूमि में निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*760. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर अस्पताल में अधीक्षक, चर्म रोग विशेषज्ञ, पैथोलोजिस्ट विशेषज्ञ, जेनरल सर्जन सहित कुल-55 चिकित्सक में 27 चिकित्सक का पद रिक्त है, जिसके कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सदर अस्पताल में रिक्त पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन एवं चहारदीवारी निर्माण

*761. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत मझौलिया प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सरिसवा का भवन जर्जर अवस्था में है एवं चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं एवं अराजक तत्वों का आना-जाना लगा रहा है, जिस कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केंद्र का भवन एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराना

*762. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार सदर प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भूमि के अभाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य लंबित है, जिससे इस केन्द्र की स्वास्थ्य सेवा बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्रखण्ड परिसर में भूमि उपलब्ध कराकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर ग्रिड का निर्माण

*763. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर प्रखंड के सनौरा में पावर ग्रिड का कार्य लगभग 3 वर्षों के बाद भी पूरा नहीं हुआ है जिससे क्षेत्र की जनता को ऊर्जा की उपलब्धता में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो तीन वर्षों में भी उपरोक्त पावर ग्रिड का निर्माण पूरा नहीं होने का क्या औचित्य है ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*764. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के पोपरिया पोखर 30 एकड़ जमीन में फैला हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पोपरिया पोखर में देश-विदेश के पक्षी आते हैं, जो पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है एवं पर्यटक स्थल के रूप में पर्यटकीय दर्जा देने हेतु सभी अर्हताएं मौजूद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पोपरिया पोखर का पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करते हुए पर्यटकीय सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

'क'-*765. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के जो मजदूर अन्य राज्यों में काम करते हैं एवं आपदा से जब उनकी मृत्यु होती है तो बिहार सरकार द्वारा मुआवजा नहीं दिया जाता है, ना ही उस राज्य द्वारा जहाँ वे रह रहे होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अन्य राज्यों में आपदा से मृत मजदूरों के परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा के तौर पर देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक-331, दिनांक 05 फरवरी, 2024 द्वारा श्रम संसाधन विभाग में स्थानांतरित ।

पदनाम में परिवर्तन

*766. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग के अंतर्गत सांख्यिकी एवं अर्थ निदेशालय के कनीय सांख्यिकी सहायक (लेवल-7) का पदनाम परिवर्तित कर अवर सांख्यिकी पदाधिकारी (लेवल-7) कर दिया गया है, जबकि इसी विभाग के अधीन कार्यरत योजना सहायक, लेवल-7 (पूर्व पदनाम-वरीय सांख्यिकी सहायक) का नाम परिवर्तन नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सचिवालय सेवा के सचिवालय सहायक (लेवल-7) का पदनाम परिवर्तित कर सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (लेवल-7) में कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एकमात्र बचे हुए पर्यवेक्षकीय संवर्ग के पद योजना सहायक लेवल-7 का पदनाम में परिवर्तित कर पदाधिकारी अंकित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बड़े सामुदायिक या विवाह भवन बनाना

*767. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत बरौली प्रखंड के देवीगंज माँ नकरो भवानी सिद्धपीठ मंदिर में प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मंदिर में प्रत्येक वर्ष कई जोड़ों की शादियाँ, मुंडन, उपनयन संस्कार जैसे मांगलिक कार्य भी सिद्धपीठ माँ नकरो भवानी के दरबार में संपन्न होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि माँ नकरो भवानी परिसर में कोई विवाह भवन या बड़ा समुदाय भवन एवं मंदिर परिसर में विकास का अत्यन्त अभाव है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माँ नकरो भवानी परिसर का सम्पूर्ण विकास कराने एवं एक बड़े सामुदायिक या विवाह भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् कनीय अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करना

*768. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निर्बाध विद्युत् आपूर्ति एवं विद्युत् संबंधी त्रुटियों के निराकरण के लिये सामान्य तौर से विद्युत् कनीय अभियंता का पदस्थापन सभी विद्युत् आपूर्ति प्रमंडलों में है और इसके लिये विभागीय मोबाईल नंबर आवंटित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गर्दनीबाग विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, पटना के अंतर्गत बेउर प्रशाखा में पदस्थापित विद्युत् कनीय अभियंता उपभोक्ताओं की ओर से किये गये फोन को नहीं उठाते हैं यथा उनके मोबाईल नं0-7632996705 पर दिनांक 8 जनवरी, 2024 एवं दिनांक 5 फरवरी, 2024 को मोबाईल नं0-9122004245 एवं 9471891614 (सी0ए0नं0-101273724) द्वारा फोन किया गया, परंतु फोन नहीं उठाया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्युत् कनीय अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी निर्माण तथा परिसर का उन्नयन

*769. श्री मोती लाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैरगनिया में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण मरीज एवं स्वास्थ्य कर्मी, अवारा कुत्ता एवं अन्य पशु के आवाजाही से भयभीत रहते हैं, साथ ही शहर का गन्दा पानी अस्पताल परिसर में भरा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अस्पताल का चहारदीवारी निर्माण तथा परिसर का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी मुआवजा राशि

'ख'-*770. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियाँ प्रखंड के ग्राम+पो0-कमरियाँव, पंचायत-तियर, थाना-बिहियाँ के विकास कुमार, पिता-शंकर यादव एवं आन्नद कुमार यादव, पिता-सुरेन्द्र यादव जो एक ही गाँव के निवासी हैं, की दिनांक 09 जुलाई, 2022 को सड़क दुर्घटना में दोनों व्यक्ति की मृत्यु हो गई है, लेकिन अभीतक उनके आश्रित परिवारों को कोई सरकारी सहायता राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों मृतक के आश्रितों को सरकारी मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

'ग'-*771. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत ममता कर्मी चुमकी रविदास का देहान्त दिनांक 13 मई, 2022 को हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व0 चुमकी रविदास के परिवार को मृत्युपरांत मुआवजा एवं अन्य आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराए गए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अविलंब मृतक के आश्रितों को मुआवजा एवं अन्य आर्थिक सहायता देने का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर एवं तालाब का सौन्दर्यीकरण

*772. श्रीमती रेखा देवी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत धनरूआ प्रखण्ड में वीर ओरियारा महादेव स्थान बहुत ही प्राचीन शिव मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राचीन शिव मंदिर के निकट एक तालाब भी है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा यहाँ बसंत पंचमी एवं महाशिवरात्रि में काफी बड़ा मेला लगता है, जिससे लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर प्रांगण में पेयजल एवं बाहर में सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं को खासकर महिलाओं को काफी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राचीन शिव मंदिर एवं तालाब का सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक-333, दिनांक 05 फरवरी, 2024 द्वारा परिवहन विभाग में स्थानांतरित ।

'ग'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक-332, दिनांक 05 फरवरी, 2024 द्वारा स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।

मत्स्यगंधा झील पर सीढ़ी घाट एवं लाइटिंग करवाना

*773. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा के प्रसिद्ध मत्स्यगंधा झील को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने के उद्देश्य से विभाग के द्वारा झील को सौंदर्यीकरण करवाया गया था तथा झील की ठीक से सफाई नहीं होने के कारण वोट का परिचालन ठीक से नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छठ महापर्व में हजारों श्रद्धालु इस घाट पर छठ पर्व मनाते हैं, जिन्हें घाट पर सीढ़ी नहीं रहने से श्रद्धालु को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मत्स्यगंधा झील को उराही करवाकर साथ ही झील के दोनों भाग घाट पर सीढ़ी घाट एवं लाइटिंग करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण करवाना

*774. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड अतरी के ग्राम पंचायत सिढ के ग्राम-टेऊसा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र किराये के भवन में संचालन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सरकारी भूमि भवन निर्माण के लिये उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन सरकारी उपलब्ध भूमि में निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर को चालू कराना

*775. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर प्रखण्ड के गोसपुर सरसौना पंचायत के सिमेन्ट फैक्ट्री के समीप कृषि ट्रांसफॉर्मर तथा ताजपुर नगर परिषद् के वार्ड नं-01 के इमली चौक स्थित ट्रांसफॉर्मर विगत 6 माह से ज्यादा समय से बन्द होने से क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त बन्द पड़े ट्रांसफॉर्मर को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण

*776. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखंड के मलहद पंचायत के ग्राम-बेला बारिश एवं बक्सर पंचायत के ग्राम-मायापुर में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी दूर इलाज कराने जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषियों पर कार्रवाई

*777. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मेरे क्षेत्र निवासी एवं नॉर्थ बिहार पॉवर

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के देसरी पॉवर हाऊस अन्तर्गत चांदपुरा फीडर के दैनिक कर्मी स्व० मुकेश कुमार की असामयिक मृत्यु कनीय विद्युत् अभियंता, देसरी एवं लाइनमैन की लापरवाही के कारण बिजली करंट लगने से कार्य स्थल पर 31 मार्च, 2022 को होने के बावजूद अबतक उसकी विधवा मु० पूजा देवी एवं उसके परिवार को न तो प्रावधानित मुआवजा राशि मिली और न ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हुयी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा देने और दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दंत चिकित्सक का पदस्थापन

*778. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनभद्र में दंत रोग के इलाज से संबंधित उपकरण उपलब्ध रहने के बावजूद दंत चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनभद्र में कबतक दंत चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सिंचाई हेतु बिजली आपूर्ति

*779. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड दरियापुर एवं परसा में किसानों की सिंचाई सुविधा हेतु बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सात निश्चय योजना के अन्तर्गत हर खेत में किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु बिजली की आपूर्ति के लिये अभियान चलाया जा रहा है, परंतु उक्त प्रखंडों में बिजली आपूर्ति संबंधित योजना के अभाव में किसानों का हजारों हेक्टेयर खेतों की उपज में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही सिंचाई के अभाव में फसल की बुआई नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड दरियापुर एवं परसा में उक्त योजना के तहत यथाशीघ्र सिंचाई हेतु बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नावर्णित जिला के दरियापुर एवं परसा में लगभग 16 घंटे विद्युत् की आपूर्ति कृषि कार्य हेतु की जा रही है। साथ ही सरकार के सात निश्चय योजना के तहत कृषि विद्युत् संबंध हेतु कैम्प लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत् संबंध योजना फेज-II की निविदा प्रक्रियाधीन है। ऐजेन्सी के चयन के पश्चात् आगे योजना के आकार के अनुरूप कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसे पूर्ण करने का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2026-27 है ।

------------

पदों का समायोजन

*780. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के पत्रांक 5199, दिनांक 2 जनवरी, 2024 के तहत COVID-19 प्रयोगशाला प्रावैधिकी में कार्यरत लैब टेक्निशियन की सेवा दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 से बंद कर दी गयी, जिसके कारण उक्त टेक्निशियन बेरोजगार हो गये हैं एवं इनके समक्ष भुखमरी की स्थिति बन गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्वास्थ्य विभाग के प्रयोगशाला प्रावैधिकी के रिक्त पदों पर इन्हें संविदा पर समायोजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोलिंग एवं वायरिंग

*781. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नानपुर, ग्राम पंचाय0त-ददरी के ग्राम-मोहनपुर टोला वार्ड नं०-7 में 25 घर परिवार के टोला में अभीतक लोग बांस-बल्ला पर बिजली जला रहे हैं तथा बांस-बल्ला पर बिजली जलाने के कारण सही तरीका से बिजली नहीं मिल पाता है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्ड में पोल एवं वायरिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखंड नानपुर, ग्राम पंचायत-ददरी के ग्राम-मोहनपुर टोला वार्ड नं० 7 में विद्युतीकरण का कार्य किया जा चुका है। वर्तमान में उक्त वार्ड में विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है।

------------

चहारदीवारी निर्माण

*782. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के गोखलापुर पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं होने के कारण परिसर पशुओं का चारागाह बना रहता है, जिससे चिकित्सकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*783. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार विधान सभा सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्र या राज्य की समस्याओं के संदर्भ में विभागों को दिये गये पत्रों का जवाब निर्धारित अवधि में दिये जाने का प्रावधान पूर्व से ही है, यदि हाँ, तो सरकार कर्ता सदस्य द्वारा वर्ष 2022 एवं 2023 में ग्रामीण कार्य विभाग एवं जल संसाधन विभाग के सचिव को दिये गये पत्रों का जवाब उन्हें नहीं प्रेषित करने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

*784. विलोपित

------------

अनुग्रह अनुदान राशि दिलाना

*785. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला किशनगंज अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के अलगुन निशां पति स्व० मैनउद्दीन, ग्राम-सिंघिया खैखाट, बनगांवा वार्ड नं० 5 की मृत्यु दिनांक 21 अक्टूबर, 2019 को सड़क दुर्घटना में हो गयी थी, साथ ही उक्त प्रखंड के ही नजम आलम, पिता-अकबर, ग्राम पंचायत-झिलझिली, ग्राम-सिकटेहार की मृत्यु दिनांक 6 अगस्त, 2020 को सड़क दुर्घटना से तथा फँसी प्रवीण, पिता-मो० चिराकु, ग्राम-सरण्डा वार्ड नं०-13 नगर पंचायत, बहादुरगंज की मृत्यु दिनांक 22 जून, 2022 को तालाब में डूब जाने से हो गयी थी, परन्तु आजतक उक्त मृतकों के आश्रितों को आपदा अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*786. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीननगर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत (i) पी०एच०सी० मोहिउद्दीननगर में स्वीकृत पद 77 कार्यरत 35 (ii) सी०एच०सी० मोहिउद्दीननगर में स्वीकृत

पद 62 कार्यरत-7 (iii) सी०एच०सी० मोहनपुर में स्वीकृत पद 69 कार्यरत 9 (iv) पी०एच०सी० मोहनपुर में स्वीकृत पद 25 कार्यरत 09 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०एच०सी० एवं सी०एच०सी० मोहिउद्दीननगर एवं मोहनपुर में स्वीकृत पद के अनुरूप एम०बी०बी०एस०/सर्जन चिकित्सकों के साथ-साथ चिकित्सा कर्मियों एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरण यथा डिजिटल एक्स-रे मशीन आदि के अभाव के कारण आमलोगों के स्वास्थ्य सुविधा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करने हेतु सरकार रिक्त पदों पर चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के पदस्थापन के साथ-साथ अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*787. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है तथा राजधानी पटना में ही 2000 से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर खराब है, जिसको मीटर की अनुपलब्धता के कारण बदला नहीं जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर सप्लाई करनेवाली एजेंसी द्वारा खराब मीटर सप्लाई किये जाने के कारण 10000 से अधिक मीटर का सर्वर से संपर्क ही नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खराब मीटर सप्लाई करने वाली एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है,.हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) आंशिक स्वीकारात्मक ।

1. बिहार राज्य के अन्तर्गत अबतक कुल 27.3 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा चुके हैं। इलेक्ट्रिक सप्लाई कोड के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार खराब मीटरों की बदलने की कार्रवाई की जा रही है।

2. स्मार्ट प्रीपेड मीटर का अधिष्ठापन भारत सरकार के संयुक्त उपक्रम मेसर्स ई०ई०एस०एल० द्वारा चयनित बहुराष्ट्रीय कम्पनी मेसर्स ई०डी०एफ० द्वारा किया जा रहा है। बिहार में लगने वाले गुणवत्तापूर्ण स्मार्ट प्रीपेड मीटर भारतीय मानक ब्यूरो के मापदण्डों IS15959, IS16444, IS13779 के नवीनतम संशोधन के अनुरूप निर्मित है।

यहां यह सूचित करना आवश्यक है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में लगे Modem एवं सिम के माध्यम से ही मीटर सर्वर से सम्पर्क स्थापित करता है। कभी-कभी नेटवर्क/Signal पर्याप्त नहीं रहने के कारण मीटर का सम्पर्क सर्वर से नहीं हो पाता है परन्तु इस कारण मीटर के मानपठन एवं विपत्रीकरण पर कोई असर नहीं पड़ता है।

------------

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना

*788. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानीगंज में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर का एक स्वीकृत पद है, किन्तु अबतक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर का पदस्थापन नहीं किया गया है, जिससे हड्डी से संबंधित मरीजों की चिकित्सा नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में कबतक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोस्टमार्टम हाउस की समस्या से निजात

*789. डॉ० सी०एन० गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा )--स्थानीय हिंदी दैनिक 5 अक्टूबर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''पोस्टमार्टम हाउस की कुव्यवस्था देखने के बावजूद को बोल नहीं पाते स्वजन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, छपरा में पोस्टमार्टम हाउस बदहाल स्थिति में है और पोस्टमार्टम के बाद शवों को सुपुर्दगी के लिये पुलिस कर्मी के शव पहुँचाने एवं गाड़ी पर लादने के लिये पैसे देने पड़ते हैं, तथा साबुन एवं सिलाई के लिये पैसे की मांग की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पोस्टमार्टम हाउस के समीप दुर्गन्ध की वजह से रूकना मुश्किल हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पोस्टामार्टम हाउस की खंड (1) एवं खंड (2) में वर्णित समस्याओं को कबतक निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

------------

पर्यटन क्षेत्र घोषित करना

*790. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत भलुनीधाम का मंदिर बहुत ही प्रसिद्ध है, जहां लाखों लोग प्रतिवर्ष दर्शन करते आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में सड़क का अभाव गंदगी व मंदिर का सौन्दर्यीकरण नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर पर्यटन क्षेत्र का दर्जा पाने की पूरी अर्हता रखता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भलुनीधाम के मंदिर को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उप-शक्ति केन्द्र की स्थापना

*791. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत परैया प्रखंड में मात्र एक पावर सब-स्टेशन स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में कुल 9 पंचायत सम्मिलित है, जिससे उक्त पावर सब-स्टेशन से बिजली ग्रामीण जनता के अलावा किसानों को किसानों को खेतों में पटवन हेतु बिजली की आपूर्ति की जाती है, जिसके कारण बिजली सुचारू रूप से नहीं हो पाती है, कर्ता द्वारा जिला के वरीय पदाधिकारियों को विगत 8 माह पूर्व में पत्र द्वारा उप-शक्ति केन्द्र बनाने हेतु आग्रह किया गया था, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली सुचारु रूप से आपूर्ति हेतु शीघ्र उक्त प्रखंड में उप-शक्ति केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

आयुष्मान कार्ड निर्गत करवाना

*792. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियाँ प्रखंड में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड से सैंकड़ों लोग वंचित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु पारिवारिक सर्वे कराया गया परन्तु उक्त प्रखंड में सर्वेयर के मनमानी से सैंकड़ों परिवार का नाम सर्वे में दर्ज नहीं कराया गया है, जिस कारण आये दिन जरुरतमंद लोगों को सूची में शामिल नहीं होने के कारण आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा है, साथ ही गंभीर बीमारी का बेहतर इलाज करवाने से वंचित रह रहें है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कर नियमानुकूल सर्वे कराकर उक्त प्रखंड में आयुष्मान कार्ड निर्गत करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली की आपूर्ति

*793. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय, वीरपुर एवं बरौनी प्रखंडों में लगभग हजारों किसानों को बिजली की आपूर्ति अभीतक नहीं की गई है, उदाहरणस्वरूप बेगूसराय प्रखंड के श्री सुरेश पोद्दार, बरौनी प्रखंड के श्री रामउद्गार महतो आदि ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा सात निश्चय योजना के अन्तर्गत हर खेत में किसानों को सिंचाई हेतु बिजली की आपूर्ति के लिये अभियान चलाया गया है परन्तु वर्तमान में उक्त प्रखंडों के किसानों को बिजली आपूर्ति नहीं होने से सिंचाई के अभाव में फसल की बुआई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के किसानों को उनके आवेदन को स्वीकृत कर बिजली का आपूर्ति किये जाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1)(2) एवं (3) आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय, वीरपुर एवं बरौनी प्रखंडों के अन्तर्गत आवेदित क्रमशः 1186, 736, एवं 736 के विरुद्ध क्रमशः 794, 343 एवं 315 आवेदकों को विद्युत संबंध दिया जा चुका है । वर्तमान में Revamped Distribution Sector Scheme (Loss Reduction) योजनान्तर्गत शेष बचे इच्छुक किसानों को कृषि विद्युत संबंध दिये जाने हेतु संरचना निर्माण का कार्य प्रारंभ है । उक्त योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य अगस्त, 2025 है ।

मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध में फेज-2 के अन्तर्गत एजेंसी का चयन प्रक्रियाधीन है । इस योजना के तहत आवेदकों को कृषि विद्युत संबंध प्रदान किया जायेगा । वैसे किसान जिनका आवेदन (कैम्प/सुविधा पोर्टल के माध्यम से) स्वीकृत नहीं किया गया है, उनको पंचायतवार कैम्प के माध्यम से कृषि विद्युत संबंध दिये जाने हेतु आवेदन प्राप्त किया जा रहा है ।

-------------

कार्रवाई करना

*794. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) स्वास्थ्य सेवायें, बिहार, पटना द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 से 15 जनवरी, 2014 के बीच नियम के विरुद्ध 115 नर्सिंग संस्थानों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नर्सिंग संस्थान, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के मानक को पूरा नहीं करता है, इसके बावजूद निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मंदिर का जीर्णोद्धार

*795. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार अन्तर्गत पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ सिटी में एकमात्र प्राचीन जगरनाथ मंदिर जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मंदिर में पाँच सौ वर्षों से ज्यादा पुराना शिलालेख है तथा प्रति वर्ष भव्य जगरनाथ मंदिर से निकली शोभा यात्रा में दूर-दराज के श्रद्धालु भाग लेते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*796. श्री राम नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-161 बांका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, बांका में ई०एन०टी० विभाग में चिकित्सकों के 02 स्वीकृत पदों के विरुद्ध एक चिकित्सक पदस्थापित रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल, बांका में ई०एन०टी० विभाग में एक रिक्त पद पर चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदोन्नति प्रतिशत बढ़ाने हेतु

*797. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि योजना एवं विकास विभाग के अन्तर्गत अवर साँख्यिकी सेवा से साँख्यिकी सेवा में पदोन्नति 50 प्रतिशत हैं, जबकि अवर योजना सेवा में योजना सेवा में मात्र पदोन्नति 25 प्रतिशत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सचिवालय सेवा के सचिवालय सेवा में सचिवालय सहायक को पदोन्नति 100 प्रतिशत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अवर योजना सेवा से योजना सेवा में पदोन्नति 100 प्रतिशत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*798. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत विद्यापति जन्मस्थली बिस्फी एवं रहिका प्रखंड अन्तर्गत कपलेश्वर स्थान प्रसिद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर ठहरने एवं पेयजल की सुविधा नहीं रहने के कारण श्रद्धालुओं एवं जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल घोषित करना

*799. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत नीमा आँजन में सीता-थापा मंदिर को देखने देश-विदेश से सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है, मंदिर के सामने 15 एकड़ जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय लोगों द्वारा उक्त स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग 5 वर्षों से अधिक समय से की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीता-थापा मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर अन्यत्र स्थापित करना

*800. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के महावीर कॉलोनी, वार्ड नम्बर-13 के रोड नम्बर-10 में अवस्थित शिवम रेसीडेन्सी अपार्टमेन्ट के लगभग 100 उपभोक्ता हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अपार्टमेन्ट के नाला का आउटलेट के ऊपर विभाग के द्वारा नये ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है, जबकि उक्त अपार्टमेन्ट के अंदर एक ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ, जिससे 100 उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति होती है तथा आउटलेट के ऊपर ट्रांसफॉर्मर होने से नाला की सफाई एवं अन्य कार्यों में काफी कठिनाई के साथ-साथ हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहेगी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त आपर्टमेन्ट के आस-पास सरकारी जमीन उपलब्ध है, जहां नये ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया जा सकता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त ट्रांसफॉर्मर को अन्य जगह पर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहायता राशि देना

*801. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड के जहांगीरपुर पंचायतान्तर्गत जहांगीरपुर ग्राम निवासी स्व० नन्द प्रसाद यादव, पिता-स्व० जयधारी राय की दिनांक 16 मई, 2021 को मंडल रेल अस्पताल, सोनपुर में कोरोना से मृत्यु हो गई थी, परंतु ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक उनके परिजन को सहायता राशि नहीं मिल पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के परियांजनों को सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा हेतु समय-सीमा का निर्धारण

*802. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोड एक्सीडेंट सहित अन्य आपदा संबंधित दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर मुआवजा दिये जाने की समय-सीमा निर्धारित नहीं रहने के कारण पूरे राज्य में 50,000 से अधिक केस लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आपदा से संबंधित दुर्घटना में मृत्यु होने पर दिये जानेवाले मुआवजा के लिये समय-सीमा का निर्धारण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण एवं प्रतिनियुक्ति करना

*803. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरी बंगला टोला में प्रा० स्वा० केन्द्र जर्जर स्थिति में है और एक भी डॉक्टर और नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी नहीं होने के कारण चारों तरफ से अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रा०स्वा० केन्द्र, डुमरी बंगला टोला में भवन बनाने तथा डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर ग्रिड का निर्माण

*804. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के रोह एवं कौआकोल विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र को 33 के०भी० का लाइन नवादा पावर ग्रिड से आपूर्ति किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का पावर ग्रिड नवादा से लगभग 60 कि०मी० की दूरी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि माईनर फोल्ट के कारण दोनों विद्युत् शक्ति उप-केन्द्रों का विद्युत् आपूर्ति बंद हो जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रोह से कौआकोल के बीच में एक पावर ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली पहुँचाना

*805. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत कटोरिया प्रखंड के जयपुर पंचायत के कलाहजारी ग्राम के राय टोला में बिजली नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राय टोला में आजादी से लेकर अबतक बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति सदैव रोष व्याप्त रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के राय टोला में बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापना कराना

*806. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गोरेयाकोठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लकड़ी नवीगंज में 13 स्थायी चिकित्सकों का पद स्वीकृत है, जिसमें वर्तमान में मात्र एक चिकित्सक ही कार्यरत है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसंतपुर में 14 स्थायी चिकित्सकों का पद स्वीकृत है, जहाँ मात्र चार कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों की कमी के कारण आँखों एवं गायनी रोगियों को चिकित्सा कराने हेतु सिवान सदर अस्पताल या पटना स्थित अस्पतालों का दौरा करना पड़ता है, इसी बीच इलाज का अन्तराल काफी लम्बा होने के कारण उक्त में से कुछ मरीजों की मृत्यु तक हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित अस्पतालों में स्वीकृत बल के अनुसार चिकित्सकों का पदस्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विश्राम गृह बनवाना

*807. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया से माँ कात्यायनी शक्ति स्थल जाने के क्रम में मानसी बाजार में विश्राम गृह नहीं रहने के कारण पर्यटक आकर्षित नहीं हो पा रहे हैं जबकि राज्य सरकार पर्यटन को बढावा देने के लिये कृतसंकल्प है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक माँ कात्यायनी शक्ति स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करते हुये मानसी बाजार में विश्राम गृह बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोत्साहन राशि

*808. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 13 जनवरी, 2024 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''राज्य के 25 जिलों में मिले एच0आई0वी0 पीड़ित कालाजार मरीजों में महज 33 फीसदी को ही मिली प्रोत्साहन राशि'' को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में एच0आई0वी0 संक्रमित कालाजार मरीजों को प्रोत्साहन राशि 7,100 रुपये दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक राज्य के 25 जिलों यथा दरभंगा, बेगूसराय, समस्तीपुर, पटना, सारण, सीतामढ़ी, सिवान, औरंगाबाद, भोजपुर, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, बांका, बक्सर, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, नालन्दा, पूर्णियाँ, रोहतास, सहरसा, शिवहर और सुपौल में 142 एच0आई0वी0 एवं कालाजार के मरीज मिले थे जिसमें 47 मरीजों को ही प्रोत्साहन राशि दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रोत्साहन से वंचित शेष 95 मरीजों को प्रोत्साहन राशि कबतक देने का विचार रखती है ?

--------

कार्रवाई करना

*809. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना सहित राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर बदलने का काम ई0डी0एफ0 नामक एजेंसी को दिया गया है, परंतु एजेंसी के पास गुणवत्तापूर्ण स्मार्ट प्रीपेड मीटर तथा मीटर लगाने के लिये तकनीकी विशेषज्ञता वाले कर्मी नहीं हैं, जिसके कारण मीटर खराब हो रहा है और घरों में शॉर्ट सर्किट भी हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त एजेंसी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

'घ'-*810. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि Hit & Run के मामले में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 163(अ), दिनांक 25 फरवरी, 2022 के आलोक में GIC द्वारा मृतक के पीड़ितों को 2 लाख रुपया एवं घायलों को 50 हजार रुपया मुआवजा राशि का भुगतान सीधे पीड़ितों के खाते में करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत मेढ़ा गाँव के राम प्रवेश कुमार की मृत्यु सड़क दुर्घटना में दिनांक 4 मार्च, 2023 को होने के बावजूद अभीतक मुआवजा की राशि नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राम प्रवेश कुमार की मृत्यु उपरान्त मृतक को मिलने वाली मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्लास्टिक कभर तार

*811. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले में भगवानपुर एवं मंसूरचक प्रखंड के अन्तर्गत सभी जगह गाँव, टोला, मोहल्ला में पुरानी एवं जर्जर बिजली तार लगा है, जिससे आये दिन उक्त बिजली तार से दुर्घटनाएँ एवं जान-माल की क्षति होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में पुराने बिजली तार को हटाकर प्लास्टिक कवर तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*812. ई० शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड रमगढ़वा के रघुनाथपुर पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आधुनिक उपकरण युक्त नहीं है एवं बेडों की संख्या कम है तथा डॉक्टरों की उपस्थिति नहीं रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त केन्द्र को आधुनिक उपकरण युक्त एवं बेडों की संख्या 30 कराने तथा डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्लास्टिक कभर तार

*813. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत गाँवों के टोला मोहल्ला में बिजली का नंगा तार लगा हुआ है, जिससे बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती है एवं आमलोगों को नुकसान का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड के सभी गाँवों में नंगा एवं जर्जर तार को बदलकर प्लास्टिक कवर तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति करना

*814. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चक्की प्रखंड में पी0एस0एस0 में ब्रेकर कम होने के कारण लाइन समय से नहीं, मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पी0एस0एस0 में लोड कम तथा कंज्यूमर अधिक होने से लाइन कट जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पी0एस0एस0 में ब्रेकर क्षमता बढ़ाकर लाइन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'घ'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 409, दिनांक 12 फरवरी, 2024 द्वारा परिवहन विभाग में स्थानांतरित।

स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण

*815. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत प्रखंड चांदन के ग्राम पंचायत असुढा का हरदिया पडरिया गाँव जो प्रखंड मुख्यालय से 35 किलो मीटर दूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने से मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर स्वास्थ्य उप-केन्द्र निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अधिसूचित कराना

*816. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरैठा एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्रह्मपुर के भवन निर्माण होने के बाद भी उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य विभाग से अधिसूचित नहीं होने के कारण पद की स्वीकृति नहीं होने से स्थानीय मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अविलम्ब दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अधिसूचित कराते हुये पदों की स्वीकृति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मीटर लगाना सुनिश्चित करना

*817. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र में बिजली का मीटर विभाग में उपलब्ध नहीं रहने के कारण जो लोग कनेक्शन के लिये आवेदन देते हैं तो उनको कनेक्शन तो दिया जाता है, पर मीटर नहीं लगाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जहाँ कनेक्शन है, पर मीटर लगा हुआ नहीं रहता है वहाँ छापामारी कर पेनाल्टी लगाई जा रही है, जबकि मीटर नहीं लगाने के लिये दोषी विभाग है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केसरिया विधान सभा क्षेत्र में मीटर उपलब्ध कराकर प्रत्येक कनेक्शन में मीटर लगाना सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पारा मेडिकल काउंसिल का गठन

*818. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में पारा मेडिकल काउंसिल का गठन अभीतक नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार प्रदेश में पारा मेडिकल काउंसिल का जल्द-से-जल्द गठन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सा मुहैया कराना

*819. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड बिक्रमगंज में घोषिया खुर्द स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण वर्ष 2015 में ही किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के निर्मित भवन में इतने बड़े लागत के उपरान्त अभीतक डॉक्टर, नर्स आदि का पदस्थापन कर नियमित रूप से स्वास्थ्य लाभ संबंधी कार्य नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्मित भवन में डॉक्टर एवं नर्स आदि का पदस्थापन कर सुचारू रूप से सुलभ चिकित्सा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली कनेक्शन देना

*820. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र वैशाली जिला के राजापाकर अंतर्गत सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के पंचायत मुरौवतपुर के वार्ड नम्बर 13 एवं न्यू कॉलोनी की जनता द्वारा एक वर्ष पूर्व तीन फेज विद्युत् कनेक्शन का आवेदन देने के बावजूद भी अभीतक नागरिकों को सुविधा उपलब्ध नहीं होने से लो वोल्टेज की अनेक परेशानियों को झेलना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के पंचायत मुरौवतपुर के वार्ड नम्बर 13 एवं न्यू कॉलोनी में तीन फेज बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था को ठीक कराना

*821. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी स्थित अनुमंडलीय अस्तपताल में ब्लड बैंक और ऑक्सीजन प्लांट के संचालक के नहीं रहने के कारण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा मिलने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अस्पताल में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण मरीजों की सुरक्षा में भी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्क हैं, तो सरकार कबतक व्यवस्था को ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का निर्माण कराना

*822. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा विधान सभा के प्रखंड पिपरा पंचायत तुलापट्टी में तुलापट्टी स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवनहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य उप-केन्द्र तुलापट्टी में ए0एन0एम0 की प्रतिनियुक्ति है, जो केन्द्र को निजी आवास पर चलाती है, जबकि स्वास्थ्य उप-केन्द्र तुलापट्टी के भवन हेतु बिहार सरकार की जमीन उपलब्ध है, जिसका खाता 279 एवं खेसरा 1430 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तुलापट्टी स्वास्थ्य उप-केन्द्र के नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नये भवन में अस्पताल का कार्य

*823. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड अन्तर्गत नाजिरपुर पंचायत के नाजिरपुर (हाट) के निकट अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसका भवन बनकर तैयार है, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर, नर्स, जाँच करने का मशीन, दवा इत्यादि की व्यवस्था नहीं की गई, जिससे क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अस्पताल के नये भवन में अस्पताल का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजनाओं की स्वीकृति

*824. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा विधान सभा क्षेत्र में विगत महीनों में मुख्यमंत्री स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत की गयी अनुशंसित सभी योजनाओं की स्वीकृति अभीतक नहीं मिली है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तय समय-सीमा के अन्दर अनुशंसित योजनाओं की स्वीकृति दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराना

*825. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के झाझा में रेफरल अस्पताल, झाझा का निर्माण 1978-79 में हुआ है, जो अब जीर्ण-शीर्ण स्थिति में होने के कारण डॉक्टरों एवं स्टाफ के साथ मरीजों में भी भय का माहौल बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर एक नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*826. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फुलवारीशरीफ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर परिषद्, फुलवारीशरीफ के विभिन्न वार्डों और मुहल्लों में बिजली का तार और पोल काफी पुराना हो चुका है तथा आबादी बढ़ने से विद्युत् की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं हो पा रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फुलवारीशरीफ नगर परिषद् के वार्ड नं० 14, 20, 21, 22, 23, 24 और वार्ड नं० 25 में पुरानी जर्जर पोल-तार हटाकर केबुल तार और नये पोल लगाने तथा इसोपुर मेन रोड मस्जिद के पास, अल्वा कॉलोनी, पकौड़ी फैक्ट्री के पास अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर एवं कुरकुरी रोड में नया 315 किलोवाट का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीय मामलों का निस्तारण

*827. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा जिला में विद्युत् मामले की शिकायत की कार्रवाई मुजफ्फरपुर जिला कोर्ट के माध्यम से की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छपरा से मुजफ्फरपुर की दूरी लगभग 100 कि०मी० होने के कारण उपभोक्ताओं को अपने विद्युतीय मामले को सुलझाने में खर्च के साथ-साथ परेशानी भी उठाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छपरा जिला के विद्युतीय मामले का निस्तारण छपरा कोर्ट में ही करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण

*828. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ प्रखंड में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति पाँच साल पूर्व की गयी थी, किन्तु अभीतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से क्षेत्र की जनता में असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनवाना

*829. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौडाबौराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि SH-56 दरभंगा से कुशेश्वरस्थान पथ में बिरौल प्रखण्ड के डुमरी जीरो माईल में विगत वर्ष दुर्घटना से लगभग पाँच लोगों की मृत्यु हुयी है और कई लोग घायल भी हुये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमरी से पी०एच०सी० बिरौल की दूरी लगभग 5 कि०मी० एवं अनुमंडल अस्पताल, बेनीपुर की दूरी लगभग 20 कि०मी० है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमरी गाँव स्थित उपलब्ध सरकारी जमीन पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी एवं भवन निर्माण

*830. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी एवं भवन की स्थिति जर्जर होने एवं डॉक्टर के आवास की सुविधा नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं में प्रतिकूल असर पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भरगामा की चहारदीवारी सहित डॉक्टर के रहने हेतु भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सब-स्टेशन का निर्माण

*831. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर विधान सभा क्षेत्र के प्राणपुर विद्युत् उप केन्द्र (33/11KV) पर लम्बी दूरी के नेटवर्क एवं अतिरिक्त लोड के कारण क्षेत्र में लगातार विद्युत् आपूर्ति की समस्या बनी रहती है तथा ग्रीष्मकाल में स्थिति बेहद खराब रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में नये सब-स्टेशन का निर्माण अथवा प्राणपुर के रोशना फीडर को अमदाबाद सब-स्टेशन से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबंदी

*832. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत नावकोठी प्रखंड के विष्णुपुर पंचायत के देवपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबंदी नहीं रहने के कारण चिकित्सा कर्मियों एवं मरीजों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*833. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत प्रखंड मदनपुर के पंचायत घोड़ा डिहरी के ग्राम-बदल बिगहा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से ग्रामवासियों को इलाज हेतु 06 कि०मी० दूर मनिका एवं शिवगंज 07 कि०मी० दूर सरकारी अस्पताल जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत घोड़ा डिहरी के ग्राम-बदल बिगहा में उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दवा को तमादी से बचाना

*834. श्रीमती रेणु देवी (क्षेत्र संख्या-8 बेतिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत जिला संयुक्त औषधालय, नालंदा सहित राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक औषधालय, के पाँच संस्थान है, जिसमें 7 चिकित्सा पदाधिकारी का पद सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संकल्प सं०-612 (आ०चि०) दिनांक 27 जून, 2023 के द्वारा जिला संयुक्त औषधालय नालंदा सहित राजकीय औषधालय, एरगांवा एवं बेतार में पदस्थापित आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारियों का सामूहिक स्थानांतरण कर दिया गया, लेकिन प्रतिस्थानी का पदस्थापन नहीं हुआ है जिसके कारण सभी औषधालय बंद हो गये तथा उस बंद पड़े औषधालय में रखे लाखों रुपये की दवा तमादी होने की स्थिति में आ गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिविल सर्जन, नालंदा के नियंत्राधीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी को उक्त बंद पड़े औषधालय में प्रतिनियुक्ति करने के साथ-साथ लाखों रुपये की दवा को तमादी से बचाने का विचार रखती है ?

------------

पावर सब-स्टेशन निर्माण

*835. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखंड के तेलता में विद्युत् सप्लाई हेतु एकमात्र पावर सब-स्टेशन है तथा उक्त प्रखंड के बलरापुर भिमियाल, फतेहपुर, शाहपुर तथा बासोई प्रखंड के बेलवडाई, कर्णपुर पंचायत तेलता से 25 से 30 कि०मी० दूर होने के कारण इन पंचायतों की जनता को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध नहीं होती है तथा लो-वोल्टेज का शिकार होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के मितियाल-फतेहपुर पंचायत क्षेत्र में एक पावर सब-स्टेशन का निर्माण प्रस्तावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के भिमियाल एवं फतेहपुर पंचायत क्षेत्रों में एक पावर सब-स्टेशन का अविलंब निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पावर सब-स्टेशन स्थापित कराना

*836. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन विधान सभा अंतर्गत प्रखंड कोचाधामन के डेरामारी में पावर सब-स्टेशन स्थापित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड अंतर्गत डेरामारी के ग्रामीण सिंचाई आदि के कार्य पर्याप्त विद्युत् से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्याप्त विद्युत् आपूर्ति हेतु डेरामारी में पावर सब-स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिरिक्त ट्राँसफॉर्मर लगाना

*837. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेयाकाठी प्रखंड के ग्राम-कल्यापुर व सरारी नोनियाटोला सहित 30 स्थानों पर एवं लकड़ी नवीगंज प्रखंड के ग्राम-पड़ौली शाहटोला एवं उजैना सहित 20 स्थानों पर ओभर लोडेड ट्राँसफॉर्मर होने के कारण विद्युत ट्रिप होकर प्राय: बाधित हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के सभी स्थानों का सर्वे कराकर ओभर लोडेड ट्राँसफॉर्मर के स्थान पर अतिरिक्त ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सिंथेटिक दुग्ध पर प्रतिबंध लगाना

*838. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में संचालित कम्फेड (सुधा डेयरी, मदर डेयरी या अन्य डेयरी) से पशुपालकों द्वारा उत्पादित किया गया, दुग्ध विगत 5 वर्षों से क्षमता के अनुरूप खपत नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में उत्पादित दुग्ध के स्थान पर सिंथेटिक मिठाई, नकली सिंथेटिक दुग्ध का प्रचलन जोरों पर है, जिससे डेयरी द्वारा उत्पादन किया गया दुग्ध की खपत में की आ गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंथेटिक मिठाई एवं नकली सिंथेटिक दुग्ध पर प्रतिबंध लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अनुमंडलीय अस्पताल भवन के सौंदर्यीकरण करवाना

*839. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल के समीप MNCU एवं पोस्टमार्टम का भवन विगत दो वर्षों से बनकर तैयार है, लेकिन अभीतक उसे संचालित नहीं किया जा रहा है, जिससे मरीजों को परेशानी उत्पन्न हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण किया गया था और वर्तमान में रंग-रोगन के अभाव में अस्पताल भवन काफी पुराना सा प्रतीत होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक देखते हुये MNCU एवं पोस्टमार्टम भवन का संचालन के साथ-साथ अनुमंडलीय अस्पताल भवन के सौंदर्यीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण

*840. ई० शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड सुगौली के कुरमवां, रघुनाथपुर बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनहीन है एवं डॉक्टरों की उपस्थिति नगण्य रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण एवं डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराना

*841. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना की गयी है परन्तु मानक के अनुरूप चिकित्सकों/पारा मेडिकल स्टाफ आदि आधारभूत सुविधा उपलब्ध न होने से रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर प्रखंड में ऐसी ही स्थिति विद्यमान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार (2) में वर्णित प्रखंडों के साथ राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का पदस्थापन

*842. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में एक भी हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है जबकि चिकित्सकों की कुल 33 पद स्वीकृत है, जिसमें सात पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर में अल्ट्रासाउण्ड मशीन का कार्य नहीं लिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापना कराते हुये अल्ट्रासाउण्ड मशीन को चालू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सालय का नया भवन बनाना

*843. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड स्थित लाखों कुवरी आयुर्वेदिक चिकित्सालय का भवन बिल्कुल जर्जर होने के कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार लाखों कुवरी आयुर्वेदिक चिकित्सालय का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति रद्द करना

*844. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भवदीय के पत्रांक 3316, दिनांक 22 अगस्त, 2022 द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया था कि स्वास्थ्य विभाग सचिवालय में जितने कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर है उनकी प्रतिनियुक्ति एक सप्ताह में रद्द करते हुये अपने गृह जगह पर वापस किया जाये परन्तु आजतक प्रतिनियुक्ति को रद्द नहीं, किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति

*845. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बैरिया प्रखंड अन्तर्गत पूजहां पटजिरवा बाँध से पश्चिम बाँध के अन्दर 58 किसान विद्युत् उपभोक्ता वर्ष 2018 में बन गये हैं, जिन्हें अभीतक बिजली कृषि कनेक्शन नहीं दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों को कृषि कनेक्शन नहीं मिलने के कारण किसान उन्नत खेती से पिछड़ रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बिजली पहुँचाने की व्यवस्था करते हुये विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

यूनिट शुरू कराना

*846. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डुमराँव अनुमंडल अस्पताल में मदर न्यू बर्न केयर यूनिट आवश्यक उपकरण सहित एक साल से बनकर तैयार है तथा अस्पताल के एक चिकित्सक को सरकार द्वारा ट्रेनिंग भी करायी जा चुकी है फिर भी नवजात शिशुओं को दूसरे अस्पताल में रेफर करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात भी सही है कि डुमराँव अनुमंडल अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिदिन ड्यूटी करने के बजाय सप्ताह में एक या दो दिन में ही ड्यूटी कर अपना कोरम पूरा कर रहे हैं तथा बॉयोमीट्रिक पुष्टि के बिना ही उन्हें भुगतान किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डुमराँव अनुमंडल अस्पताल के मदर न्यू बर्न केयर यूनिट को शुरू कराने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से नियमानुसार ड्यूटी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक का पदस्थापन

*847. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के सदर अस्पताल शेखपुरा में एनेस्थेटिष्ट एवं कार्डियोलोजिस्ट चिकित्सक नहीं, रहने के कारण मरीजों को इलाज में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार शेखपुरा जिला के सदर अस्पताल, शेखपुरा में एनेस्थेटिष्ट एवं कार्डियोलोजिस्ट चिकित्सक का शीघ्र पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल घोषित करना

*848. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर बाबू कुंवर सिंह की जन्मस्थली है जिसका देश की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाबू कुंवर सिंह की जन्मस्थली को अभीतक पर्यटन स्थल नहीं घोषित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बाबू वीर कुंवर सिंह की जन्म स्थली को पर्यटन स्थल घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेडिकल कॉलेज खोलना

*849. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली विधान सभा अन्तर्गत एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं होने के कारण गंभीर रोग से ग्रसित गरीब मरीजों को इलाज कराने पटना जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिलों में मेडिकल कॉलेज निर्माण की माँग लगातार की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया जिला के अलौली विधान सभा में मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पोल-तार लगवाना

*850. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड के अन्तर्गत दुर्गापुर में अवस्थित पुल से लेकर मथार दियारा तक सड़क किनारे नयी-नयी बसावटों एवं खेतों की सिंचाई हेतु विगत दो वर्षों से कर्ता द्वारा बिजली विभाग से बिजली के पोल-तार लगवाने का अनुरोध किया जा रहा है परंतु अभीतक बिजली के पोल-तार उक्त स्थल पर नहीं लगाये गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार दुर्गापुर में अवस्थित उक्त पुल से लेकर मथार दियारा तक सड़क किनारे बिजली के पोल-तार कबतक लगवाने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का उद्घाटन

*851. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, ये बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्राम पंचायत (फुलवारीशरीफ) के पंचायत रामपुर फरीदपुर के पसही में स्वास्थ्य केन्द्र का उप-केन्द्र भवन वर्ष 2020 में बनकर तैयार हो गया है, लेकिन भवन का उद्घाटन अबतक नहीं होने से रोगियों का इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन का उद्घाटन कराकर संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पैथोलॉजी विभाग के भंडार का प्रभार देना

*852. डॉ0 रामानन्द यादव (क्षेत्र संख्या-185 फतुहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि क्लिनिकल पैथोलॉजी विभाग, पी0एम0सी0एच0, पटना में कार्यरत श्री उदय प्रसाद, चिकित्सा प्रयोगशाला प्रावैधिक (नियुक्ति वर्ष 1991), श्री महेन्द्र कुमार सिन्हा, चिकित्सा प्रयोगशाला प्रावैधिक (नियुक्ति वर्ष 1999) से आठ वर्ष वरीय हैं, बावजूद इसके पैथोलॉजी विभाग के भंडार का प्रभारी कनीय को बनाया गया है, जो नियमाकूल नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक श्री महेन्द्र कुमार सिन्हा, कनीय चिकित्सा प्रयोगशाला प्रावैधिक के स्थान पर श्री उदय प्रसाद, वरीय चिकित्सा प्रयोगशाला प्रावैधिक को क्लिनिकल पैथोलॉजी विभाग के भंडार का प्रभार देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्स-रे की सुविधा

*853. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पी0एच0सी0 विभूतिपुर में अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी0एच0सी0, विभूतिपुर में अप्रील, 2023 से एक्स-रे का कार्य बन्द है, जिससे मरीजों को अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्स-रे के लिये बाहर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से देना

*854. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय में 132/33 के0भी0 के ग्रिड सब-स्टेशन के बनाये जाने से जिला के चार वारिसनगर, खानपुर, शिवाजीनगर तथा कल्याणपुर प्रखंड तथा दरभंगा जिला के हायाघाट, हनुमान नगर तथा बहेड़ी प्रखंडों में भी विद्युत् आपूर्ति में काफी सहूलियत और प्रभावी ढंग से आपूर्ति कराया जा सकता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय में 132/33 के0भी0 के ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण कराते हुये उक्त प्रखंडों में विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर स्थापित करना

*855. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर पंचायत वार्ड संख्या 4, ग्राम-बोचाही में 100 उपभोक्ता हैं, लेकिन वहाँ लो-वोल्टेज है, उस गाँव से 1.5 किलो मीटर की दूरी पर बेलेहारा में ट्रान्सफॉर्मर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उस गाँव में ट्रान्सफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण

*856. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बाबा गोरखनाथ मंदिर एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, लेकिन आधारभूत संरचना के अभाव में तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार तीर्थ यात्रियों के लिये सुविधा उपलब्ध कराने एवं उक्त मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कराने के लिये आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अधिसूचित कराना

*857. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, घोघराहा एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जोगियारा के भवन निर्माण होने के बाद भी उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य विभाग से अधिसूचित नहीं होने के कारण पद की स्वीकृति नहीं हुई है, जिससे स्थानीय मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार अविलम्ब दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अधिसूचित कराते हुये पदों की स्वीकृति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला चिकित्सक एवं रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना

*858. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर सदर अस्पताल में केवल चार ही महिला चिकित्सक कार्यरत हैं जिसमें से एक महिला चिकित्सक केवल अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र के लिए ही नामित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि केवल तीन महिला चिकित्सकों के कारण प्रायः प्रसव एवं महिलाओं के चिकित्सा में कठिनाइयाँ होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, बक्सर में विशेषज्ञ महिला चिकित्सक एवं रेडियोलॉजिस्ट के पदस्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*859. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत श्री राम जानकी मठ, छोटा कोन्हीया का लगभग 10 एकड़ जमीन असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार मठ के जमीन का पैमाईश कराकर अतिक्रमण मुक्त कराते हुये दोषी असामाजिक तत्वों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

रेफरल अस्पताल के रूप में उत्क्रमित करना

*860. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत बरौली प्रखंड मुख्यालय अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एस०एच० 47 के किनारे एवं एन०एच० 27 से मात्र 03 कि०मी० की दूरी पर नवनिर्मित भवन में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ के नजदीक एवं राजकीय उच्च पथ पर अवस्थित रहने से प्रत्येक दिन दुर्घटना एवं अन्य गम्भीर बिमारियों से ग्रसित रोगी इलाज की समुचित व्यवस्था एवं विशेषज्ञ चिकित्सक के अभाव में अन्यत्र रेफर कर दिये जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरौली को रेफरल अस्पताल के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण करवाना

*861. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय एवं इस्लामपुर प्रखंड में किसानों के (कृषि कार्य के लिये) हर खेत में सिंचाई सुविधा के लिये पोल-तार लगाकर विद्युतीकरण का कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं किया गया है, जबकि सरकार के निर्णय अनुसार दिसम्बर, 2023 तक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर देना था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखण्ड में कबतक कृषि कार्य के लिये विद्युतीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाँच कर न्याय दिलाना

*862. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के एन०टी०पी०सी० खैरा थाना अन्तर्गत धुंधुआ ग्राम के शिव पूजन राम, पिता-गणेश राम, अनिल यादव, पिता-राजा राम यादव सहित लगभग 21 भूमिहीन लोगों पर दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 को खेती के लिये बिजली चोरी का एफ०आई०आर० दर्ज कर 50 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी व्यक्ति भूमिहीन है और जिस कृषि भूमि को एफ०आई०आर० में दिखाया गया है वह सरकारी जमीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त भूमिहीन गरीब नागरिकों के विरुद्ध किये गये एफ०आई०आर० की उच्चस्तरीय जाँच कर न्याय दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपभोक्ता सहायता केन्द्र

*863. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला मुख्यालय स्थित विद्युत् आपूर्ति प्रमण्डल, बेतिया में विद्युत् उपभोक्ताओं की शिकायत को सुनने के लिये कोई सहायता केन्द्र नहीं है, जिसके कारण विद्युत् उपभोक्ताओं को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् उपभोक्ता विद्युत् बिल की अद्यतन जानकारी व बिल के प्रिन्ट तथा पिछला जमा, तिथि व बकाया समेत अन्य आवश्यक जानकारी हेतु सहायता केन्द्र के अभाव में भटकते रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रमंडल में उपभोक्ता सहायता केन्द्र का काउन्टर लगाकर उपभोक्ताओं के समस्याओं का निराकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली की समस्याओं को निपटारा करवाना

*864. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 02 नवम्बर, 2023 के अंक में प्रकाशित खबर के शीर्षक "शिकायतें निपटने को कर्मी दो दिन कार्यालय में बैठेंगे" के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों में बिजली से जुड़ी सभी तरह की शिकायतों के निपटारे के लिये कर्मियों को मंगलवार एवं शुक्रवार को कार्यालय में रहने का आदेश दिया गया है फिर भी इसका पालन नहीं किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महीने के दूसरे शनिवार को कैंप लगाने और प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के सभी जिलों के सभी प्रखंडों में कैंप लगाकर बिजली की समस्याओं को निपटारा करवाने तथा दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुहल्ला क्लिनिक खोलना

*865. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के शहरों में काफी सघन आबादी बसती है और शहरों में मुहल्ला क्लिनिक नहीं रहने से सरकारी अस्पतालों में काफी भीड़ रहती है, जिससे नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महुआ विधान सभा सहित संपूर्ण बिहार में मुहल्ला क्लिनिक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र का अपग्रेड

*866. श्री सउद आलम (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पौवाखली को अपग्रेड कर प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपग्रेड कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अल्ट्रासाउंड की सुविधा

*867. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानीगंज में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है, जिससे मरीजों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानीगंज में मरीजों के असुविधा को दूर करने के लिये अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा की राशि

*868. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी पोल-तार के विद्युत् स्पर्शाघात से मृतक परिजन को चार लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड अन्तर्गत शीशो पश्चिमी पंचायत के जितेन्द्र कुमार राम की मृत्यु दिनांक 7 नवम्बर, 2022 को एवं बच्चा बाबू खान की मृत्यु दिनांक 18 जनवरी, 2023 को सरकारी पोल-तार से विद्युत् स्पर्शाघात से हो गई थी तथा उक्त मृतकों के परिजनों को अभीतक मुआवजा की राशि नहीं मिल पायी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के परिजनों के आश्रितों को मुआवजा की राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्त/प्रतिनियुक्त करना

*869. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के शाहकुण्ड प्रखंड में स्वास्थ्य उप-केन्द्र, सजौर में केवल एक आयुष डॉक्टर नियुक्त है, जबकि जहां एक महिला चिकित्सक तथा एक एम०बी०बी०एस० डॉक्टर की अत्यंत आवश्यकता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में एक महिला चिकित्सक तथा एक फिजिशियन डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् सीधे लाने हेतु

*870. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सुलतानगंज प्रखंड में अतिपिछड़ा बहुल गाँव मंझली है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी के विद्युत् वितरण व्यवस्था में इस गाँव तक ग्रामीण एवं कृषि दोनों प्रकार का विद्युत् बहुत लम्बी दूरी से इस गाँव तक पहुँचता है, जबकि असियाचक से मंझली की दूरी मात्र 1.5 किलो मीटर ही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गृह कार्य एवं कृषि कार्य के लिये मंझली तक विद्युत् असियाचक से सीधे लाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराना

*871. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत बनकट्टा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण मरीजों को प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्पताल में इलाज कराने जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जगह पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् पोल तथा तार लगवाना

*872. श्री अनिरूद्ध कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के गैड़ा पंचायत अंतर्गत वार्ड नं० बालू टोल से नहर होते हुये अब्दुल के घर तक तार एवं बिजली का पोल नहीं रहने के

कारण लोगों को बिजली आपूर्ति से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक विद्युत् पोल तथा तार लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

फीडर बनवाना

*873. श्री रामप्रीत पासवान (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला का अंधराठाढ़ी प्रखंड 18 पंचायतों का है तथा रुद्रपुर फीडर से 15 किलोमीटर की दूरी पर रेलवे लाइन के पश्चिम गौड़अंधरा शिवा करीब 10 गांव में बिजली आपूर्ति की जा रही है, दूरी के चलते उपभोक्ता को लो वोल्टेज का सामना करना पड़ता है और ठीक से बिजली नहीं मिलती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पस्टन गांव के सरकारी जमीन पर एक नया फीडर बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉसफॉर्मर पर नये तार लगाना

*874. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उचकागाँव प्रखंड के पंचायत त्रिलोकपुर के रघुवां एवं आस-पास के गाँव में सिंचाई हेतु स्थापित चार ट्रॉसफॉर्मर से बिजली के तार की चोरी हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आशय की सूचना कार्यपालक अभियंता को देने के बाद भी आजतक ना ही चोरो का पता लग पाया है और ना ही ट्रांसफॉर्मरों पर नया तार जोड़ा गया है, जिससे हजारों एकड़ में सिंचाई ना होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ट्रॉसफॉर्मरों पर नये तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जन औषधि केन्द्र पुनःस्थापित कराना

*875. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड काराकाट में गोड़ारी (काराकाट) स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्ष 2011-12 में जन औषधि केन्द्र अधिष्ठापित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जन औषधि केन्द्र को वर्ष 2016 में बंद कर दिया गया है, जिससे गरीबों को प्राप्त होने वाले सस्ती जेनरीक दवाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र स्थल स्थित जन औषधि केन्द्र को पुनःस्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वा० केन्द्रों को हस्तांतरित करते हुये शीघ्र चालू करना

*876. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड आमस स्थित स्वा० उप-केन्द्र पिंडरा, प्रखंड शेरघाटी स्थित स्वा० उप-केन्द्र, समोदबिगहा, प्रखंड डोभी स्थित स्वा० उप-केन्द्र, पीड़ासीन एवं अति० प्रा० स्वा० केन्द्र, अंगरा का निमार्ण पूर्ण होने के पश्चात् भी विभाग को हस्तानांतरित नहीं किया गया है, जिसके कारण जनता को प्राथमिक उपचार हेतु भी दूर जाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी स्वा० केन्द्रों को हस्तांतरित करते हुये शीघ्र चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राजकीय दर्जा प्रदान करना

*877. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुये सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल स्थित महिषी प्रखंड के सुप्रसिद्ध संत बाबा कारू खिरहरी मंदिर में दुर्गा पूजा के सप्तमी को होने वाले समारोह को राजकीय दर्जा प्रदान करते हुये संत बाबा कारू खिरहरी महोत्सव का आयोजन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

बिजली कनेक्शन देना

*878. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर प्रखण्ड के मोहमदपुर पंचायत के दर्शना मौजा के सैंकड़ों किसानों ने कृषि कार्य हेतु नये बिजली कनेक्शन के लिए 2 वर्ष पूर्व विभाग को आवेदन दिया गया है तथा 2 वर्ष बाद भी अभीतक उन किसानों को बिजली कनेक्शन विभाग द्वारा नहीं दिया गया हैं एवं जिसके चलते किसानों को कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उन किसानों को बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था बहाल कराना

*879. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में आस-पास के क्षेत्रों से हजारों मरीज चिकित्सा कराने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अनुमंडल अस्पताल में गहण चिकित्सा कक्ष, डायलिसिस यूनिट, एक्स-रे मशीन काफी दिनों से बंद पड़ा रहता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि यहाँ दवा की कमी रहने के साथ-साथ स्थाई टीकाकरण, एंटी रेबीज, एंटी स्कैन बार्डटिंग की सुविधा की कमी के कारण मरीजों को चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अनुमंडल अस्पताल में उपरोक्त वर्णित सभी व्यवस्था बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अल्ट्रासाउण्ड जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना

*880. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउण्ड जाँच की सुविधा तो उपलब्ध है, परन्तु अन्य मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य मरीजों को भी अल्ट्रासाउण्ड जाँच की सुविधा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*881. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखंड के ग्राम पंचायत, अमहा के ग्राम-अमहा में उप-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने की वजह से स्थानीय लोगों को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुपौल प्रखंड के ग्राम-अमहा में उप-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

100 बेड का अस्पताल

*882. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राणपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आजमनगर प्रखंड के महानंदा नदी के पश्चिम आजमनगर प्रखंड के पाँच पंचायत तथा अन्य विधान सभा के दस पंचायत में चिकित्सा सुविधा का घोर अभाव है ;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र जिला मुख्यालय अस्पताल से अत्यधिक दूरी पर अवस्थित रहने के कारण लगभग 2 लाख क्षेत्रीय आबादी प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आजमनगर के अरीहारा पंचायत में 100 बेड का अस्पताल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभावी कराना

*883. श्री रित लाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन-सह-सदस्य-सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, पटना के ज्ञापांक 190, दिनांक 27 जनवरी, 2023 द्वारा स्वास्थ्य प्रबंधक का स्थानान्तरण किया गया है ;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त ज्ञापांक के आलोक में श्री मनोज कुमार तथा श्रीमती जयमाला के स्थानान्तरण को प्रशासनिक दृष्टिकोण से ज्ञापांक 238, दिनांक 4 फरवरी, 2023 द्वारा सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के बावजूद भी प्रभावी नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ज्ञापांक 238, दिनांक 4 फरवरी, 2023 को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परीक्षा परिणाम प्रकाशित कराना

*884. श्री वीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आर्यभट्ट कॉलेज विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बी0एस0सी0 नर्सिंग सत्र 2019-23 का फाईनल ईयर का परीक्षा अक्टूबर, 2023 में सम्पन्न हो गया है, लेकिन आजतक परीक्षाफल का प्रकाशन नहीं किया गया है, जिसके कारण छात्र बिहार एवं अन्य राज्यों के प्रकाशित विज्ञापनों में नर्सिंग पद के लिये आवेदन नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बी0एस0सी0 नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शीघ्र प्रकाशित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौन्दर्यीकरण करना

*885. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड अन्तर्गत तुतला भवानी धाम अवस्थित है, जहाँ लाखों पर्यटक दर्शन करने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर कुण्ड का सौन्दर्यीकरण का अभाव एवं सरकारी भूमि पर दुकान नहीं होने से पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड अन्तर्गत तुतला भवानी धाम के पास सरकारी भूमि पर दुकान का निर्माण कराते हुये उनके पास निर्मित कुण्ड का सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आई0सी0यू0 का परिचालन

*886. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर सदर अस्पताल में आई0सी0यू0 के परिचालन हेतु वार्ड में लगभग छह माह पूर्व आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन सुनिश्चित कर लिया गया है, किन्तु परिचालन अभी प्रारंभ नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार सदर अस्पताल, बक्सर में आई0सी0यू0 का परिचालन अविलम्ब प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*887. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पूर्णियाँ अन्तर्गत प्रखंड बैसा के ग्राम- मठवा टोली के 30 परिवारों का घर वर्ष 2023 में महानंदा नदी में कटकर विलीन हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के आपदा पीड़ितों को आपदा नियमावली के अनुसार अबतक अनुग्रह अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं करायी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त गाँव के आपदा पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नया पोल और कवर केबुल तार लगाना

*888. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सदर प्रखंड के वार्ड नम्बर 8 के नंद गाँव मोहल्ला के देवी स्थान मंदिर के पीछे वाली गली नम्बर 1 में श्रीमती मीरा दयाल के घर से स्व0 धर्मशीला देवी के घर तक विद्युत् आपूर्ति हेतु कवर केबुल वायर नहीं लगाया गया है एवं गली में स्व0 धर्मशीला देवी के घर के सामने स्थित एकमात्र विद्युत् पोल पुराना एवं जर्जर हो गया है, जिस कारण आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं सदैव दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गली में क्षतिग्रस्त विद्युत् पोल को हटाकर नया पोल और कवर केबुल तार लगाकर सुचारू रूप से विद्युत् उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिहार स्टेट ट्रिब्यूनल कोर्ट की शाखा खोलना

*889. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में भूमि से संबंधित जैसे बटायेदार, भू-दान जमीन का मामला सबसे अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार स्टेट ट्रिब्यूनल कोर्ट, पटना में रहने से पूर्णियाँ प्रमंडल के लोगों को पूर्णियाँ से पटना आना पड़ता है, जिसमें समय ज्यादा लगता है तथा कोर्ट कार्रवाई में भी समय लगता है, इससे लोगों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बिहार स्टेट ट्रिब्यूनल कोर्ट की शाखा, पूर्णियाँ में खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

*890. विलोपित

--------

स्ट्रीट लाईट की अनुशंसा

*891. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना मार्गदर्शिका में माननीय सदस्यों द्वारा नगर निकाय में स्ट्रीट लाइट का अनुशंसा करना वर्जित है, बल्कि पूर्व में नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइट की अनुशंसा नियमसंगत था, लेकिन अब वर्जित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्व की भाँति माननीय सदस्यों को नगर निगम में भी स्ट्रीट लाइट की अनुशंसा कर देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार

*892. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड के ग्राम-बलुआ जुल्फेकराबाद पंचायत के प्राचीन शिव मंदिर महमदा ग्राम में अवस्थित है और यहाँ बहुत पुराना तालाब भी है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राचीन शिव मंदिर एवं तालाब में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिससे सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होती है, किन्तु तालाब एवं मंदिर का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण गंदगी फैली रहती है तथा उक्त मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का पूर्व मंत्री के अनशुंसा के आलोक में दिनांक 21 जुलाई, 2022 को विभाग को DPR भी बनकर समर्पित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर एवं तालाब का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन एवं चहारदीवारी निर्माण

*893. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत चनपटिया प्रखंड के गिधा पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर अवस्था में है एवं चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं एवं अराजक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है, जिस कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक सुख-सुविधा

*894. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड में औंगारी गाँव में प्राचीन काल से एक सूर्य मंदिर एवं तीन एकड़ से भी अधिक का एक तालाब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर में प्रत्येक रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा एवं अर्चना के लिये आते हैं तथा साल में दो बार छठ पूजा के अवसर पर लाखों की संख्या में उक्त पूजा में अर्घ्य देने वहां आते हैं, किन्तु उक्त मंदिर को अबतक पर्यटक सुख-सुविधा से सुसज्जित नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने तथा पर्यटक सुख-सुविधा से सुसज्जित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जे०पी० प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार कराना

*895. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा जोगबनी में अवस्थित जे०पी० प्रवेश द्वार जर्जर हो चुका है एवं कभी भी गिर सकता है, जिससे जान-माल की क्षति हो सकती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित जे०पी० प्रवेश द्वार पूर्व सांसद के निधि से बनाया गया था, जो कि मित्र राष्ट्र नेपाल के प्रवेश द्वार अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर गौरव एवं आकर्षण का केन्द्र रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित जे०पी० प्रवेश द्वार का जीर्णोद्धार कर नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*896. श्री राम नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-161 बाँका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत बांका सदर अस्पताल में चिकित्सकों के 41 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 24 चिकित्सक ही पदस्थापित है जिस कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल, बांका में चिकित्सकों के स्वीकृत सभी पदों पर चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉमा सेन्टर स्थापित कराना

*897. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में एक भी ट्रॉमा सेन्टर अवस्थित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के औद्योगिक जिले में बेगूसराय जिला भी शामिल है, जहां आई०ओ०सी०एल० रिफाईनरी, पेप्सी प्लांट, एथनॉल प्लांट, एच०यू०आर०एल०, एन०टी०पी०सी०, सुधा डेयरी और अन्य लघु एवं मध्यम उद्योग अवस्थित है, जिससे भारी वाहनों के आवागमन के कारण आये दिन सड़क दुर्घटना घटित होती रहती है, परन्तु ट्रॉमा सेन्टर के अभाव में अनेक गम्भीर मरीजों की जान जा चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औद्योगिक जिले को ध्यान में रखते हुये बेगूसराय में ट्रॉमा सेन्टर स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

महिला चिकित्सक की पदस्थापना

*898. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, करपी में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण प्रखण्ड क्षेत्र के महिलाओं को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, करपी में महिला चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई

*899. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गर्दनीबाग विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, पटना में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये जाने का काम जिस एजेंसी को दिया गया है, उसके मीटर लगाने वाले कर्मी न सिर्फ अशिष्ट हैं बल्कि तकनीकी रूप से दक्ष भी नहीं हैं, जिसकी शिकायत प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं०लि० को उपभोक्ता सं० सी०ए० 101273724 द्वारा दिनांक 9 जनवरी, 2024 को की गयी, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण

*900. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बगहा विधान सभा के भैरोगंज अवस्थित अति०प्रा०स्वा० केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण वहां पदस्थापित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल कर्मी एवं अन्य कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार भैरोगंज अवस्थित अति०प्रा०स्वा० केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

300 बेड का अस्पताल निर्माण

*901. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के सदर अस्पताल, शेखपुरा में बेड की संख्या 100 से बढ़ाकर 300 किये जाने की स्वीकृति राज्य सरकार के द्वारा प्रदान की गयी है, लेकिन 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी आजतक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार सदर अस्पताल, शेखपुरा में 300 बेड का अस्पताल शीघ्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जी०एन०एम०, फार्मासिस्ट एवं अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था

*902. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजपुर को वर्तमान में सी०एच०सी० का दर्जा मिला हुआ है, परंतु यहां जी०एन०एम० एवं फार्मासिस्ट नहीं है और अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजपुर सी०एच०सी० में जी०एन०एम०, फार्मासिस्ट एवं अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*903. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कचहरी बाजार के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2022 में ही निविदा हो चुकी है, चयनित संवेदक द्वारा भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पश्चात् निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण चयनित संवेदक से कराने या नये सिरे से निविदा निकालकर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जी०एन०एम० फार्मासिस्ट एवं अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था

*904. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसे वर्तमान में सी०एच०सी० का दर्जा मिला हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सी०एच०सी० में जी०एन०एम० फार्मासिस्ट नहीं है एवं अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण मरीजों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत सी०एच०सी० प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इटाढ़ी में जी०एन०एम० फार्मासिस्ट एवं अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉमा सेन्टर स्थापित करना

*905. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा रजौली अनुमंडल क्षेत्र सहित राष्ट्रीय उच्च पथ के ग्यारह स्थानों पर वर्ष 2023-24 में ट्रॉमा सेन्टर खोलने का निर्णय लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बिहार और झारखण्ड की सीमा पर स्थित रजौली अनुमंडल क्षेत्र अन्तर्गत फतेहपुर मोड़ से मस्तान गंज के बीच राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रॉमा सेन्टर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र का ससमय संचालन

*906. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 4 जनवरी, 2024 के अंक में प्रकाशित खबर के शीर्षक ''राज्य के भी पी०एच०सी०, ए०पी०एच०सी० सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेंगे'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्र व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक क्रियाशील रहने हेतु विभाग द्वारा सभी जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन को पत्र भेजा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सी०एच०ओ० की कमी को देखते हुये सी०एच०ओ० को पदस्थापित स्वास्थ्य उप-केन्द्र के अतिरिक्त एक और पास के स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, लेकिन इसका पालन अभीतक नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार राज्य में बंद सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्र व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का ससमय संचालन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## ट्रॉमा सेंटर खोलना

*907. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के मलियाबाग एन०एच०-30 जो आरा से 60 कि०मी० तथा मोहनियाँ से 60 कि०मी० की दूरी पर स्थित है किन्तु ट्रॉमा सेंटर नहीं होने से घायल मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एन०एच०-30 आरा-मोहनियाँ सड़क पर मलियाबाग में एक ट्रॉमा सेंटर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## भवन निर्माण कराना

*908. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के मोदनगंज प्रखंड में देवरा पंचायत अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनतपुर में जमीन उपलब्धता के बावजूद भवन निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनतपुर (देवरा) में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति

*909. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में मनियारी हॉस्पटल एवं छाजनहरिशंकर पूर्वी हॉस्पिटल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने से आमजनता को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों हॉसपिटलों में डॉक्टर प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## लंबित मामलों का निष्पादन करने हेतु

*910. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के महाराजगंज अनुमंडल के ग्राम+पोस्ट-जीगरहवा की श्रीमती सोनामति देवी, पति-महाराज पंडित की मौत विद्युत पक्षाघात से दिनांक 26 जुलाई, 2023 को तथा ग्राम-पटेढ़ा-पटेढ़ी की सायरा खातुन, पति-सलिम मियां की मौत विद्युत पक्षाघात से दिनांक 29 जून, 2021 को हो गयी जिनके आश्रित परिजनों के आपदा की अनुग्रह राशि अभीतक कार्यपालक विद्युत अभियंता, विद्युत प्रमंडल, महाराजगंज द्वारा नहीं दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महाराजगंज अनुमंडल के भगवानपुर हाट प्रखंड सहित अन्य प्रखंडों में भी आपदा भुगतान के अन्य मामले लंबित रहने के कारण आमलोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीवान से सभी अंचलों में आपदा के लंबित मामलों का निष्पादन एक माह में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषियों पर कार्रवाई करना

*911. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड के नौवागढ़ी उत्तरी पंचायत में नवनिर्मित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, चड़ौण का उद्घाटन में स्थानीय विधायक को किसी प्रकार की सूचना के बगैर उद्घाटन का कार्यक्रम दिनांक 6 नवम्बर, 2023 को रखा गया जबकि उक्त तिथि में बिहार विधान सभा का शीतकालीन सत्र संचालित हो रहा था, यदि हाँ, तो सरकार जाँच कर दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल-जमाव का समाधान

*912. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के सरोज सीताराम अस्पताल में जल-जमाव की समस्या के कारण मरीज सहित अस्पताल के सभी वर्गों के स्वास्थ्य कर्मी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अस्पताल के जल-जमाव का समाधान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् कनेक्शन देना

*913. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के बनमनखी प्रखंड अन्तर्गत किसानों को खेतों की सिंचाई के लिये सरकार की ओर से विद्युत् संचरण कार्य करायी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के किसानों को विभाग के द्वारा विद्युत् कनेक्शन नहीं दिये जाने के कारण खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में किसानों के हित में विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवनों का निर्माण कराना

*914. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सकरी एवं पंडौल में क्रमशः PHC एवं APHC अस्पताल भवन का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है, जिसके कारण लोगों को समुचित चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त दोनों अस्पताल भवनों का निर्माण कार्य त्वरित गति से पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति करना

*915. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग में कालाजार उन्मूलन के लिये वर्षों से मौसमी कर्मचारी/डी०डी०टी० छिड़काव कर्मी दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं और विभागीय पत्रांक 4007 (24), दिनांक 27 दिसम्बर, 1991 एवं अन्य आदेश के द्वारा समूह (घ) के रिक्त पदों पर उक्त कर्मियों के नाम जिला स्तरीय पैनल सूची में दर्ज कर नियुक्ति करने का आदेश दिया जा चुका था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय आदेश के आलोक में कुछ जिलों को छोड़कर अभीतक डी०डी०टी० छिड़काव कर्मी की स्थायी नियुक्ति नहीं की जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी०डी०टी० छिड़काव कर्मीयों को समूह (घ) कार्यालय परिचारी के स्थायी पदों पर जिला स्तरीय पैनल सूची के माध्यम से नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

होम्योपैथ कॉलेज का निर्माण कराना

*916. श्री फते बहादुर सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति में आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ तीन पद्धति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना में दो सरकारी आयुर्वेद एवं यूनानी कॉलेज है, परन्तु होम्योपैथ का सरकारी कॉलेज नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अगमकुआँ के पास उपलब्ध सरकारी जमीन पर होम्योपैथ कॉलेज का निर्माण कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोलिंग एवं वायरिंग कराना

*917. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखंड बोखरा ग्राम-बालासाथ के वार्ड नं० 13 बनटोलिया में 40 घर परिवार के लोग बांस-बल्ला पर बिजली जलाते हैं तथा पोल वायरिंग नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को बिजली सुचारू रूप से नहीं मिल पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्ड बनटोलिया में पोल एवं वायरिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पोल एवं तार लगाना

*918. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड विधान सभा के सुरसंड प्रखण्ड के पंचायत कोरियाही के वार्ड नं० 12 में विद्युत् आपूर्ति बांस के सहारे ग्रामीणों को मिल रहा है तथा उक्त प्रखंड के कोरियाही पंचायत के वार्ड नं० 12 में पोल एवं तार की आवश्यकता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कोरियाही पंचायत के उक्त वार्ड में पोल एवं तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराना

*919. श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड के चपरिया में जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उत्क्रमित करना

*920. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के अधौरा प्रखण्ड अन्तर्गत दिघार में स्वास्थ्य उप-केन्द्र अवस्थित है, जो अधौरा प्रखण्ड से 14 कि०मी० की दूरी पर है, जिससे ग्रामीण जनता को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा पत्रांक 2269, दिनांक 11 सितम्बर, 2023 द्वारा उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने हेतु पत्र विभाग को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैमूर जिला के अधौरा प्रखण्ड अन्तर्गत दिघार में स्वास्थ्य उप-केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बिजली कनेक्शन देना

*921. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिला अन्तर्गत मैनाटाड प्रखंड के बरवा पंचायत के पीपरा गांव के करीब 100 घर के दलित मुशहर टोली में और डमरापुर पंचायत के भधुहवां गाँव के मठ टोला में आजादी के 76 वर्ष वाद भी बिजली कनेक्शन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज प्रखंड के सोमगढ़ गाँव के वार्ड नं० 8 के दलित पासवान बस्ती में भी बिजली कनेक्शन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगहों पर बिजली कनेक्शन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ट्रॉमा सेंटर स्थापित करना

*922. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर स्थित सोनवर्षा में ट्रॉमा सेंटर नहीं रहने तथा सोनवर्षा से कोई भी ट्रॉमा सेंटर 100 किलो मीटर से ज्यादा दूरी पर होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की इलाज के अभाव में मृत्यु हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के जीवन रक्षा तथा शीघ्र इलाज के लिये सोनवर्षा में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापित करना

*923. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी नौ प्रमंडलों में प्रमंडलवार क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी का एक-एक पद स्वीकृत है, जिसमें कि सात प्रमंडलों में पूर्णकालिक क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी प्रमंडलों में पूर्णकालिक क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना

*924. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत प्रखंड बहादुरगंज और टेढ़ागाछ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिशु रोग विशेषज्ञ और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में शिशु रोग विशेषज्ञ और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मोटर का अधिष्ठापन कराना

*925. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत कटोरिया प्रखंड के मोथाबाड़ी पंचायत के मोथाबाड़ी में निर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बिजली की आपूर्ति एवं पानी हेतु समरसेबल में मोटर का कनेक्शन नहीं होने से इलाज हेतु आने वाले मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बिजली का कनेक्शन एवं समरसेबल से पानी हेतु मोटर का अधिष्ठापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल का संचालन कराना

*926. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत रोहतास प्रखंड के ग्राम-तुम्बा में 5 वर्ष पूर्व 6 बेड के अस्पताल के भवन का निर्माण हुआ था किन्तु आजतक इस अस्पताल का संचालन नहीं हुआ, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चिकित्सक एवं संसाधन सहित उक्त अस्पताल का संचालन कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 23 फरवरी, 2024 (ई०)।

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।